GPS Map Camera
Hisar, Haryana, India
5P57+7QC, Aggarwal Colony, Hisar, Haryana 125001, India
Lat 29.15799°
Long 75.714681°
19/04/23 10:21 AM GMT +05:30
Google

GPS Map Camera
Hisar, Haryana, India
5P57+7QC, Aggarwal Colony, Hisar, Haryana 125001, India
Lat 29.157994°
Long 75.714691°
19/04/23 10:20 AM GMT +05:30
Google

दयानन्द महाविद्यालय में ''इन्वेस्टमैंट इन अवर प्लेनेट'' थीम के तहत ''विश्व पृथ्वी दिवस'' मनाया

पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 20 अप्रैल : ''इन्वेस्टमैंट इन अवर प्लेनेट'' थीम के तहत दयानन्द महाविद्यालय, हिसार के भूगोल विभाग, पर्यावरण अध्ययन व इको-क्लब के संयुक्त तत्वाधन में ''विश्व पृथ्वी दिवस'' (22 अप्रैल) मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विद्यार्थियों के लिए एक डॉक्यूमेंट्री प्रोग्राम आयोजित किया गया जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक के पर्यावरण पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभाव, प्लास्टिक प्रबंधन व रीसाइकलिंग, पानी का उचित प्रबंधन व प्राचीन भारत में प्रचलित जल प्रबंधन से सम्बन्धित डॉक्यूमेंट्री द्वारा विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। इस सम्बन्ध में भूगोल विभाग की विभागाध्यक्षा प्रो. मंजू शर्मा व प्राध्यापक विक्रमजीत द्वारा विद्यार्थियों को पानी की बर्बादी रोकने से सम्बन्धित सुझाव दिए। उन्होंने गर्मियों में पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करने के लिए भी विद्यार्थियों को प्रेरित किया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा कि जल ही जीवन का आधार है और हम सबको मिलकर इसे बचाकर अपनी पृथ्वी व मानव सभ्यता को बचाना है। इस अवसर पर विभिन्न संकायों के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भागीदारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग के शिक्षक विकास वीर, सुखबीर, गरिमा, डॉ. मीनाक्षी, राखी, डॉ. दीपिका, डॉ. विभा कौशिक व गैर-शिक्षक वर्ग से बाबू लाल व अंकुर का विशेष योगदान रहा।

विश्व पृथ्वी दिवस पर किया डॉक्यूमेंट्री प्रोग्राम

हिसार | दयानंद कॉलेज के भूगोल विभाग पर्यावरण अध्ययन व इको-क्लब के संयुक्त तत्वावधान में इनवेस्टमेंट इन अवर प्लेनेट थीम के तहत विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष्य में स्टूडेंट्स के लिए एक डॉक्यूमेंटरी प्रोग्राम किया। इसमें सिंगल यूज प्लास्टिक के पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव, प्लास्टिक प्रबंधन, रीसाइकलिंग पर विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। भूगोल की विभागाध्यक्षा प्रो. मंजू शर्मा व विक्रमजीत ने विद्यार्थियों को पानी की बर्बादी रोकने के संबंध में सुझाव दिए। प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है, हम सबको मिलकर इसे बचाना है। इस अवसर पर विकासवीर, सुखबीर, गरिमा, डॉ. मीनाक्षी, राखी, डॉ. दीपिका और डॉ. विभा कौशिक आदि उपस्थित थे।